C M Y K

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 200 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 11 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# अमित शाह के दौरे पर सियासी घमासान, गहलोत ने उठाए बड़े मुद्दे

## बजरी माफिया और बढ़ते अपराधों को लेकर सरकार पर आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।





केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रदेश दौरे से पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अमित शाह का 'स्वागत' करते हुए एक के बाद एक कई सवाल किए और उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड से लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था तक केंद्र सरकार को घेरा।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राजस्थान पुलिस अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपें। इसी दौरे को लेकर अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अमित शाह का राजस्थान में स्वागत है, लेकिन अब उनसे उम्मीद है कि वे अपनी 'राजनीतिक चुप्पी' तोड़ें और बताएं कि स्व. कन्हैयालाल के परिवार को न्याय कब मिलेगा।

गहलोत ने सवाल उठाया कि घटना की रात ही मामला नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) को सौंप दिया गया था, फिर भी इतने समय बाद तक पीड़ित परिवार न्याय के लिए क्यों भटक रहा है। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे गृह मंत्रालय के अधीन होने के बावजूद निष्कर्ष तक क्यों नहीं पहुंच पाया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनावी बयानबाजी को लेकर भी अमित शाह पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा कि चुनाव के दौरान 5 लाख बनाम 50 लाख के मुआवजे को लेकर असत्य बोलकर जनता को गुमराह किया गया। जबकि कन्हैयालाल के परिवार ने स्वयं स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें 50 लाख रुपये का मुआवजा और दोनों बेटों को सरकारी नौकरी मिली थी। गहलोत ने पूछा कि क्या इस असत्य के लिए राजस्थान की जनता से माफी मांगी जाएगी?

इसके साथ ही गहलोत ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान में कानून का इकबाल खत्म हो चुका है, आम जनता रंगदारी, दुष्कर्म और माफियाराज से परेशान है। बजरी माफिया द्वारा हत्याओं की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हालात इतने खराब हैं कि दूसरे राज्यों की पुलिस यहां आकर कार्रवाई कर रही है और राज्य के मुख्यमंत्री कहते हैं कि पुलिस को जानकारी ही नहीं थी।

गहलोत ने अमित शाह से अपील की कि भाषणों से आगे बढ़कर राजस्थान की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर स्पष्ट जवाब दें।

# बोर्ड एग्जाम से ठीक पहले शिक्षा विभाग का बड़ा फैसला

## 4394 लेक्चरर के तबादले, छुट्टी के दिन दो बार जारी हुई ट्रांसफर लिस्ट

भीलवाड़ा फोकस @ बीकानेर ।



राजस्थान में बोर्ड परीक्षाओं से ठीक एक माह पहले शिक्षा विभाग ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाते हुए 4394 स्कूल लेक्चरर के तबादले कर दिए। शनिवार को अवकाश के दिन विभाग ने दो चरणों में ट्रांसफर लिस्ट जारी की, जिससे शिक्षा जगत में हलचल मच गई। समय और परिस्थितियों को देखते हुए इस फैसले का सीधा असर बोर्ड परीक्षा की तैयारियों पर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

शनिवार सुबह 7.45 बजे जारी पहली ट्रांसफर लिस्ट में 1644 हिंदी लेक्चरर के तबादले किए गए। इसके कुछ ही घंटों बाद सुबह 10 बजे दूसरी लिस्ट जारी हुई, जिसमें अन्य विषयों के 2750 लेक्चरर शामिल रहे। विभागीय सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी ट्रांसफर लिस्ट जारी की जा सकती हैं, जिससे तबादलों की संख्या और बढ़ सकती है।

इससे पहले माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने 400 से अधिक प्रिंसिपल के तबादले किए थे। ये तबादले भी एक साथ नहीं, बल्कि तीन अलग-अलग सूचियों के जरिए किए गए, जिससे कई स्कूलों में लगातार प्रशासनिक अस्थिरता बनी रही। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 12 फरवरी से शुरू हो रही हैं। इस बार परीक्षाएं मार्च की बजाय फरवरी में आयोजित की जा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद पाठ्यक्रम में किसी भी तरह की कटौती नहीं की गई है। पहले से ही समय की कमी से जूझ रहे विद्यार्थियों पर अब लेक्चरर तबादलों का अतिरिक्त दबाव पड़ना तय माना जा रहा है।

कड़ाके की सर्दी के बावजूद 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की छुट्टियां नहीं की गई हैं। इसके बाद भी कई स्कूलों में छात्रों की उपस्थिति अपेक्षाकृत कम बनी हुई है। ऐसे में अनुभवी लेक्चरर के तबादले होने से कक्षाओं की निरंतरता टूटने और बोर्ड तैयारी प्रभावित होने की आशंका गहराती जा रही है।

बोर्ड परीक्षाओं के दौरान बड़ी संख्या में लेक्चरर की परीक्षा ड्यूटी लगाई जाती है। एक साथ हजारों तबादलों से परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी निर्धारण और व्यवस्थाएं संभालना विभाग के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि नए स्थानों पर शिक्षक समय पर जॉइन नहीं कर पाए, तो इसका असर न सिर्फ पढ़ाई बल्कि परीक्षा संचालन पर भी पड़ सकता है।

बोर्ड परीक्षा से ऐन पहले हुए इन तबादलों से स्कूलों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, पेरेंट्स और स्टूडेंट्स में भी चिंता का माहौल है कि कहीं अंतिम समय में यह प्रशासनिक फेरबदल विद्यार्थियों की मेहनत पर भारी न पड़ जाए।

# रायला थाना क्षेत्र में हत्या का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



रायला थाना क्षेत्र में 31 दिसंबर की रात हुई हत्या की सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने खुलासा करते हुए फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य एवं वृताधिकारी गुलाबपुरा जितेन्द्र सिंह के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम गठित की थी, जिसने लगातार दबिश देकर आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस ने बताया कि 1 जनवरी को लाम्बिया कलां निवासी किशन जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 31 दिसंबर की रात करीब 9.30 बजे उसके पिता रामनारायण जाट (42) खाना खाकर मोटरसाइकिल से गांव लौट रहे थे। महाकाल फैक्ट्री के पास पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से कार से पीछे से टक्कर मारी। इसके बाद कार को पीछे कर दोबारा कुचलने का प्रयास किया गया और शव को घसीटते हुए बिजली के खंभे से टकरा दिया गया। इस हमले में रामनारायण जाट की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी कार छोड़कर फरार हो गए। जांच में सामने आया कि मृतक और भंवर लाल जाट के परिवार के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते भंवर लाल जाट के भांजे सत्यनारायण जाट ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। आरोपी कमलेश धाकड़ और मिठू लाल जाट ने कार से टक्कर मारकर वारदात को अंजाम दिया, जबकि देवेन्द्र सिंह भाटी ने आरोपियों को छिपाने और फरारी में मदद की। इस मामले में एक आरोपी सत्यनारायण जाट को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था। पुलिस ने अब फरार चल रहे आरोपी कमलेश धाकड़ निवासी गणेशपुरा, बैंगू, मिठू लाल जाट निवासी अरनिया पंथ, शंभूपुरा और सहयोगी देवेन्द्र सिंह भाटी निवासी जसवंतपुरा, रायला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि हत्या की इस साजिश में अन्य लोगों की भूमिका और वारदात के पीछे के पूरे नेटवर्क को लेकर गहन अनुसंधान जारी है।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo. 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने 2 हजार के इनामी रेप आरोपी को किया गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।



**गर्वित ।** कुन्हाड़ी थाना पुलिस ने महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 2 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने 9 जनवरी को उसे दबोच लिया। आरोपी लंबे समय से ठिकाने बदलकर पुलिस से बच रहा था।

पीड़िता ने 6 जनवरी को नांता थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि पति के बाहर रहने के कारण वह पीहर में रहती थी। आरोपी पति का परिचित था और इसी भरोसे में 20 दिसंबर को उसे मूवी दिखाने के बहाने मॉल ले गया। फिल्म के बाद देर रात मोबाइल डिस्चार्ज होने पर आरोपी ने होटल में रुकने का झांसा दिया और कुन्हाड़ी क्षेत्र के एक होटल में ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेस गांधी के नाम पर करती रही राजनीति, भाजपा गांधी का करती है सम्मानः मदन राठौड़

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी महात्मा गांधी का पूर्ण सम्मान करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने वर्षों तक गांधी जी के नाम पर केवल राजनीतिक लाभ लिया।

राठौड़ ने कहा कि महात्मा गांधी स्वयं कहते थे कि कांग्रेस एक आंदोलन है और देश की आज़ादी के बाद इसे समाप्त कर देना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया और उसके मूल स्वरूप को ही खत्म कर दिया। उन्होंने कांग्रेस के चुनाव चिन्हों में समय-समय पर हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि आज की कांग्रेस किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रातः स्मरण में भी महात्मा गांधी सहित सभी महापुरुषों को स्मरण किया जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा गांधीवादी समाज की अवधारणा को मानती है, लेकिन गांधी के नाम पर राजनीति करने का विरोध करती है।

उन्होंने संघ में दोहराए जाने वाले श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा लोकमान्यस्तिलको रमणस्य गान्धी, रविन्दो मदनमोहनो मालवीयः।

# लोक परिवहन बस में बैग की अदला-बदली, सवाईपुर चौकी पुलिस ने लौटाए साढ़े छह लाख रुपए

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



**(सांवर वैष्णव):** सवाईपुर चौकी पुलिस की तत्परता से शुक्रवार रात्रि को एक बड़ी घटना टल गई। लोक परिवहन की बस में साढ़े छह लाख रुपये से भरे बैग की अदला-बदली से हड़कंप मच गया था, लेकिन समय रहते पुलिस ने मामले की जांच कर बैग अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित लौटाया।

कांस्टेबल रजनीश कुमार ने बताया कि संयम जैन पुत्र शांतिलाल जैन, निवासी भीलवाड़ा, ने रिपोर्ट दी कि वह शुक्रवार शाम त्रिवेणी चौराहा स्थित दुकान से बैग लेकर लोक परिवहन की बस से भीलवाड़ा जाने के लिए सवार हुआ था। उसने बैग को सीट के ऊपर लगेज रैक में रखा। सवाईपुर में कोटड़ी चौराहा से पहले तक बैग उसके पास था, लेकिन आगे देखने पर बैग नहीं मिला। बैग में करीब साढ़े छह लाख रुपये थे।

सूचना मिलते ही सवाईपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस चालक, परिचालक और यात्रियों से पूछताछ की तथा आसपास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच में सामने आया कि कोटड़ी चौराहे पर तीन चालक-परिचालक बस से उतरे थे। बस में मिले दूसरे बैग में पर्ची के आधार पर गाड़ी मालिक से संपर्क किया गया। मालिक से चालक का नंबर लेकर बात करने पर चालक ने बैग खोलकर देखा तो उसमें पैसे पाए गए।

जांच में स्पष्ट हुआ कि चालक छगन भील, निवासी फतेहगढ़, गलती से अपना बैग समझकर उक्त बैग साथ ले गया था और उसका बैग बस में ही रह गया था। छगन भील ने ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने पीड़ित को बैग सुरक्षित लौटाया, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।

इस कार्रवाई में कांस्टेबल रजनीश कुमार, रवि कुमार (विशेष योगदान), मुकेश कुमार, श्रवण कुमार एवं संदीप कुमार शामिल रहे।

## टैक्स मंत्रा

## प्रस्तावित प्रत्यक्ष कर संहिता 2025 : भारत की कर व्यवस्था में एक नया अध्याय

भारत की कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी एवं आधुनिक बनाने की दिशा में सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रत्यक्ष कर संहिता, 2025 (Drafted Direct Tax Code - DTC 2025) एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह संहिता वर्तमान में लागू आयकर अधिनियम, 1961 को प्रतिस्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है, जो समय के साथ अत्यधिक जटिल, संशोधन-प्रधान एवं विवादों से ग्रस्त हो चुकी है।

**प्रत्यक्ष कर संहिता लाने की आवश्यकता**

आयकर अधिनियम, 1961 पिछले छह दशकों से अधिक समय से लागू है, जिसमें अब तक सैकड़ों संशोधन किए जा चुके हैं। इसके परिणामस्वरूप:

कानून की भाषा जटिल हो गई है
करदाताओं एवं कर विभाग के बीच विवाद बढ़े हैं
अनुपालन लागत (Compliance Cost) में वृद्धि हुई है

इन सभी समस्याओं के समाधान हेतु एक नई, सरल एवं सिद्धांत-आधारित कर संहिता की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी।

**DTC 2025 के प्रमुख उद्देश्य**

**प्रस्तावित प्रत्यक्ष कर संहिता 2025 के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं-**

कर कानूनों को सरल एवं स्पष्ट बनाना
अनावश्यक छूटों एवं जटिल प्रावधानों को समाप्त करना
कर विवादों को कम करना
स्वैच्छिक कर अनुपालन (Voluntary Compliance) को बढ़ावा देना
डिजिटल एवं तकनीक आधारित कर प्रशासन को मजबूत करना

**प्रमुख विशेषताएँ**

**1. सरल भाषा एवं संरचना**

DTC 2025 में प्रावधानों को संक्षिप्त, स्पष्ट एवं सामान्य समझ की भाषा में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है, जिससे आम करदाता भी कानून को आसानी से समझ सके।

**2. कर स्लैब एवं दरों में तर्कसंगतता**

व्यक्तिगत करदाताओं के लिए कर स्लैब को युक्तिसंगत बनाते हुए कम दरों के साथ व्यापक कर आधार (Lower Rates, Wider Base) की अवधारणा अपनाई गई है।

**3. छूटों एवं कटौतियों में कमी**

विभिन्न प्रकार की छूटों एवं कटौतियों को सीमित कर कर प्रणाली को सरल बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे कर योजना (Tax Planning) की जटिलता कम हो।


**4. पूंजीगत लाभ का सरलीकरण**

पूंजीगत लाभ (Capital Gains) के वर्गीकरण एवं कर निर्धारण की प्रक्रिया को सरल और एकरूप बनाने का प्रस्ताव है, जिससे अनावश्यक विवादों में कमी आए।

**5. कॉरपोरेट कर व्यवस्था में सुधार**

कंपनियों के लिए स्थिर एवं पूर्वानुमेय (Predictable) कर व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया गया है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़े और व्यापार सुगमता में सुधार हो।

**6. विवाद निवारण तंत्र को सुदृढ़ बनाना**



अपील एवं विवाद निवारण प्रक्रिया को समयबद्ध, तकनीक-सक्षम और निष्पक्ष बनाने के प्रावधान प्रस्तावित किए गए हैं।

**करदाताओं पर संभावित प्रभाव**

DTC 2025 के लागू होने से–

कर अनुपालन आसान होगा
कर विवादों में कमी आएगी
करदाताओं का विश्वास कर प्रणाली में बढ़ेगा
मध्यम वर्ग एवं व्यवसायियों को दीर्घकालीन लाभ मिलेगा

हालाँकि, कुछ करदाताओं के लिए छूटों में कमी के कारण प्रारंभिक समायोजन चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**प्रत्यक्ष कर संहिता 2025 एक ऐतिहासिक पहल**

प्रस्तावित प्रत्यक्ष कर संहिता 2025 भारत की कर व्यवस्था में सुधार, सरलीकरण एवं पारदर्शिता की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यदि इसे संतुलित, चरणबद्ध एवं व्यापक परामर्श के साथ लागू किया जाता है, तो यह न केवल कर प्रशासन को मजबूत करेगी बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि को भी नई गति प्रदान करेगी।

सीए सुमित चित्तौड़ा
- sumitchittora@gmail.com

## मानसिक प्रताड़ना से परेशान महिला ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

### पति ने गांव की महिला पर लगाए गंभीर आरोप, पुलिस ने शुरू की जांच

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

थाना क्षेत्र के जोजर गांव में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां बदनामी और मानसिक प्रताड़ना से परेशान एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में मृतका के पति ने गांव की ही एक महिला पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसे मौत का जिम्मेदार ठहराया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया, वहीं अस्पताल में पोस्टमार्टम में हुई देरी ने व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए।





मृतका के पति मांगीलाल बलाई ने पुलिस में दी रिपोर्ट में बताया कि गांव की एक महिला उनकी पत्नी को पिछले कई महीनों से बदनाम कर रही थी। ग्रामीणों द्वारा कई बार समझाइश और पंचायतें करवाई गई, लेकिन हालात में कोई सुधार नहीं हुआ। आरोप है कि 9 जनवरी को नामजद महिला ने फिर से बदनाम करने की धमकी दी, जिससे पत्नी गहरे मानसिक तनाव में आ गई। इसी तनाव के चलते उसने शुक्रवार शाम को घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

पति ने पुलिस से दोषी महिला के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

इधर, शुक्रवार देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए शक्करगढ़ स्थित शक्करगढ़ सीएचसी लाया गया, लेकिन शनिवार दोपहर 1 बजे तक भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बताया गया कि अस्पताल में वार्ड बॉय उपलब्ध नहीं होने के कारण पोस्टमार्टम करीब छह घंटे तक रुका रहा। परिजन और ग्रामीण सुबह से अस्पताल परिसर में इंतजार करते रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि सीएचसी में लंबे समय से स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है। कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं।

## मनरेगा बचाओ संग्रामः कांग्रेस 45 दिन सड़कों पर

### रामलाल जाट का केंद्र पर हमला,नाम नहीं, मनरेगा की आत्मा बदली जा रही

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम और प्रावधानों में किए गए बदलावों के विरोध में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 45 दिवसीय राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने का ऐलान कर दिया है। इस आंदोलन को मनरेगा बचाओ संग्राम नाम दिया गया है। शनिवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि नाम बदलना मुद्दा नहीं है, असली चिंता मनरेगा की आत्मा को कमजोर किया जाना है। जाट ने आरोप लगाया कि यूपीए शासन में मिला काम का अधिकार अब धीरे-धीरे छीना जा रहा है। केंद्र की नीतियां गरीब और मजदूर वर्ग की रोजी-रोटी पर सीधा हमला हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी और जनता के बीच जाकर इन नीतियों का विरोध करेगी। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर यह अभियान पूरे देश में चल रहा है। 10 जनवरी से जिलों में पत्रकार वार्ताएं शुरू हो चुकी हैं। 12 जनवरी को उपवास, इसके बाद गांव-गांव चौपालों में जनजागरण, और अंतिम चरण में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। रामलाल जाट ने मनरेगा फंडिंग का 40 प्रतिशत बोझ राज्यों पर डालने के फैसले को गैरवाजिब और संघवाद विरोधी बताया। उन्होंने सवाल उठाया कि सीमित संसाधनों से जूझ रहे राज्य यह बोझ कैसे उठाएंगे। यह संघीय ढांचे पर सीधा प्रहार है।




नाम बदलने के मुद्दे पर जाट ने कहा कि 'राम जी के नाम का उपयोग अगर गरीबों के हित में होता तो कोई आपत्ति नहीं होती, लेकिन मौजूदा बदलाव उस भावना के विपरीत हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में प्रशांत बैरवा, अक्षय त्रिपाठी, कैलाश व्यास, ओमप्रकाश नराणीवाल, दुर्गेश शर्मा, महेश सोनी, शंकर गाडरी, ओमप्रकाश भडाणा, यशवंत कोडवानी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चुनावी ताकत बढ़ाने की रणनीति पर धाकड़ समाज एकजुट

### अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा की पहली राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**रमेश गुर्जर ।** अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा की प्रथम राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक मेनाल रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए समाज की राजनीतिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक ताकत बढ़ाने की दिशा में ठोस रणनीति पर विचार किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में असहाय परिवारों के बालक-बालिकाओं का उत्थान ही वास्तविक समाज सेवा है और इसी लक्ष्य को केंद्र में रखकर कार्य किया जाना चाहिए। बैठक से पूर्व सभी पदाधिकारियों ने मेवाड़ क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री बानोडा बालाजी धाम, बेंगु में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद बेंगु-बिजौलिया किसान आंदोलन के स्वतंत्रता सेनानी शहीद रूपाजी-कृपाजी धाकड़ की शहीद स्थली गोविंदपुरा पहुंचकर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि शहीद रूपाजी-कृपाजी किसानों के स्वाभिमान, साहस और अधिकार चेतना के प्रतीक हैं, जिनसे अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने की प्रेरणा मिलती है।



मेनाल रिसॉर्ट में राष्ट्रीय कार्यसमिति की शुरुआत भगवान श्री धरणीधर के दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बैठक उमानारायण पटेल पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य तथा तुलसीराम धाकड़ राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मंच संचालन राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रभारी संजय धाकड़ ने किया। मंच पर राष्ट्रीय संगठन महामंत्री समंदर पटेल, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष राधाकिशन नागर, मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष दिनेश मल्हार, उत्तरप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष निहाल सिंह धाकड़, महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा मंडलोई, युवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय नांदेड़ा, राष्ट्रीय महामंत्री जोधराज नागर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कन्हैयालाल पटेल, विक्रम मल्हार, हीरालाल मेहता, लूणकरण वक्तरिया, महिला इकाई म.प्र. प्रदेशाध्यक्ष विभूति पटेल, युवा संघ उ.प्र. प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र धाकड़ सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। आयोजकों में सुभाष धाकड़ प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान युवा संघ, नीलम धाकड़ राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष, महिला इकाई, युवा संघ के राष्ट्रीय महामंत्री लाभचंद धाकड़, विनोद धाकड़ प्रदेश महामंत्री तथा जिलाध्यक्ष सुनील धाकड़ ने अतिथियों का स्वागत-अभिनंदन किया एवं आभार व्यक्त किया।

## डीएसटी टीम की दबिश, बनास नदी से 6 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर सीओ सदर माधव उपाध्याय के नेतृत्व में डीएसटी टीम ने करेड़-भागलिया क्षेत्र के बीच बनास नदी से अवैध बजरी ले जा रही 6 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त कीं।पुलिस के अनुसार बजरी माफिया नदी क्षेत्र से अवैध रूप से बजरी निकालकर परिवहन कर रहा था। मामले में आगे की जांच जारी है।

## अवैध बजरी परिवहन पकड़ा, माइनिंग विभाग ने लगाया जुर्माना

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला ।**

क्षेत्र में अवैध बजरी खनन पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए अभियान के तहत बजरी से भरे एक ट्रैक्टर को जब्त कर बड़ी कार्रवाई की है, जिससे क्षेत्र में खनन माफिया में खलबली मच गई।

पुलिस ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अवैध खनन की रोकथाम को लेकर यह कार्रवाई की गई। जब्त किए गए ट्रैक्टर पर माइनिंग विभाग की टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया है।पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## संघर्ष चेतना रैलीः लाडपुरा क्षेत्र से सैकड़ों कर्मचारी जयपुर जाएंगे

**भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।**

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर 12 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाली संघर्ष चेतना रैली में क्षेत्र से सैकड़ों कर्मचारी भाग लेंगे। रैली को लेकर क्षेत्र में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और कर्मचारियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। ग्राम विकास अधिकारी संघ मांडलगढ़ के अध्यक्ष रतिराम मीणा ने बताया कि संघर्ष चेतना महारैली की जानकारी सभी कर्मचारियों तक पहुंचा दी गई है। अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारी महासंघ के सभी घटक संगठनों द्वारा डोर-टू-डोर संपर्क कर कर्मचारियों को रैली में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मीणा ने बताया कि 12 जनवरी को जयपुर में होने वाली इस रैली में क्षेत्र से बड़ी संख्या में कर्मचारी एकजुट होकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाएंगे।

## सिंधी सर्टिफिकेट-डिप्लोमा कोर्स की परीक्षा 11 जनवरी को

### बीगोद व मांडलगढ़ के विद्यार्थी होंगे शामिल, सेंट एडवर्ड स्कूल में आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।**

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के तत्वावधान में तथा राष्ट्र भारतीय सिंधु भाषा राजस्थान न्यास की सिंधी लैंग्वेज लर्निंग कोर्स स्कीम के तहत सिंधी सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स की परीक्षा 11 जनवरी को आयोजित होगी। परीक्षा दोपहर 12 से 3 बजे तक कस्बे के सेंट एडवर्ड इंटरनेशनल स्कूल में होगी। इसमें बीगोद और मांडलगढ़ के विद्यार्थी भाग लेंगे। यह स्कीम सिंधी भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम है। तैयारी के तहत प्रदेश के 179 सिंधी शिक्षामित्रों ने 4160 विद्यार्थियों को 100 घंटे का अध्ययन कार्य कराया है। ये विद्यार्थी राज्यभर के 25 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे। परीक्षा का संचालन पूज्य सिंधी पंचायत संस्था मांडलगढ़ की शिक्षामित्र सुनीता टेलानी द्वारा किया जाएगा। परीक्षा की निगरानी सिंधी समाज के गोपालज परवानी एवं योगेश चांदनानी करेंगे।



QUICK BITES

## रामानंदाचार्य जन्मोत्सव पर त्रिवेणी संगम में भव्य शोभायात्रा व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर ।



(सांवर वैष्णव): क्षेत्र के त्रिवेणी संगम स्थित महादेव मंदिर पर वैष्णव बैरागी समाज द्वारा जगतगुरु रामानंदाचार्य के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार, को शोभायात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। निर्मल वैष्णव ने बताया कि 9 जनवरी को रामानंदाचार्य जी का जन्मोत्सव था, लेकिन जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित होने के कारण यह आयोजन रविवार को त्रिवेणी संगम पर किया जा रहा है।

रविवार सुबह 9:15 बजे त्रिवेणी चौराहा मुख्य मार्ग से शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई वैष्णव समाज बालाजी मंदिर पहुंचेगी। यहां दोपहर 1 बजे के बाद बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं सहित समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बीगोद में बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



नगर में आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में स्थानीय भगवान झूलेलाल मंदिर परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सम्मेलन की व्यवस्थाओं और रूपरेखा को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में आयोजनकर्ता हिंदू समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन से पूर्व धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 17 जनवरी की रात्रि को बस स्टैंड पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा। वहीं 18 जनवरी को हिंदू सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन से पूर्व भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मौजेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर भेरूनाथ मंदिर पहुंचेगी। वहां शोभायात्रा धर्मसभा में परिवर्तित होगी, जिसके पश्चात सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के समापन पर महाप्रसादी का आयोजन भी किया जाएगा।


हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणजन सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# रोडवेज बस स्टैंड का कायाकल्प, 1 करोड़ 4 लाख के कार्यों से बदलेगा पूरा परिसर

## नगर पालिका की कार्ययोजना से बस स्टैंड को मिलेगी नई पहचान





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

कपिल श्याम विजय ।

नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल रोडवेज बस स्टैंड का नगर पालिका द्वारा व्यापक स्तर पर कायाकल्प किया जा रहा है। वर्ष 1990 में तत्कालीन सरपंच दलपत सिंह राव द्वारा क्षेत्र को समर्पित यह बस स्टैंड लंबे समय से बदहाल स्थिति में था, लेकिन अब इसे यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। बस स्टैंड परिसर में कुल 1 करोड़ 4 लाख रुपये की लागत से विकास कार्य चल रहे हैं। वर्तमान में बस स्टैंड के ग्राउंड फ्लोर पर लगभग 37 लाख रुपये की लागत से जीर्णोद्धार कार्य अंतिम चरण में है। कच्चे रास्तों की जगह इंटरलॉकिंग ईंटें बिछाई जा रही हैं, वहीं वर्षा जल संरक्षण के उद्देश्य से वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम विकसित किया जा रहा है। प्रतीक्षा स्थल पर ग्रेनाइट फ्लोरिंग, बेहतर सफाई व्यवस्था, यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए स्टील रेलिंग तथा रंग-रोगन व मरम्मत के कार्य किए जा रहे हैं। यह कार्य आगामी 5 दिनों में पूर्ण हो जाएगा।

नगर पालिका की कार्ययोजना के तहत बस स्टैंड को केवल सुविधाजनक ही नहीं बल्कि आकर्षक और दर्शनीय बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत बस स्टैंड परिसर में हाई मास्क लाइटें लगाई जाएंगी, जिससे रात्रि में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। साथ ही नगर की पहचान को दर्शाने के लिए आई लव बिजोलिया थीम पर विशेष लाइटिंग इंस्टॉलेशन किया जाएगा। इसके अलावा परिसर में लगे पेड़-पौधों पर सजावटी लाइटिंग की योजना भी है, जिससे रात के समय पूरा बस स्टैंड परिसर रोशनी से जगमगाएगा।

नगर पालिका ने बस स्टैंड के विकास को और आगे बढ़ाते हुए इसे सामाजिक सरोकार से जोड़ने की योजना भी तैयार की है। प्रस्ताव के अनुसार बस स्टैंड के फर्स्ट फ्लोर पर अन्नपूर्णा रसोई, सेकेंड फ्लोर पर आश्रय स्थल तथा थर्ड फ्लोर पर वाशिंग एरिया का निर्माण किया जाएगा। इन कार्यों पर 67 लाख रुपये की लागत आएगी और इन्हें 6 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड नगर क्षेत्र का प्रमुख केंद्र है, जो कई वर्षों से उपेक्षित था। अब इसे स्वच्छता, सुविधा और सौंदर्य के नए मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधायक गोपाल खण्डेलवाल के प्रयासों से सड़क निर्माण के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों के विकास कार्यों को गति मिली है।

करीब एक करोड़ चार लाख रुपये की लागत से हो रहे इन कार्यों के पूरा होने के बाद बिजोलिया को एक आधुनिक, सुरक्षित, स्वच्छ और आकर्षक रोडवेज बस स्टैंड मिलेगा, जिससे न केवल यात्रियों की सुविधाएं बढ़ेंगी बल्कि नगर की पहचान और सौंदर्य में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# जनसुनवाई केंद्र का शिलान्यास, मंच से आत्ममंथन और संगठन को संदेश

## विधायक बैरवा बोले योजनाओं का प्रचार नहीं हो पाया, पंचायत चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं को सक्रिय होने की नसीहत

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

(मूलचन्द पेसवानी):





पंचायत समिति परिसर में शनिवार को आयोजित विधायक जनसुनवाई केंद्र के शिलान्यास समारोह ने केवल एक विकास कार्य का स्वरूप नहीं लिया, बल्कि यह आयोजन राजनीतिक आत्ममंथन और संगठनात्मक संदेश का मंच भी बन गया। विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने वैदिक विधि-विधान के साथ शिला पूजन कर जनसुनवाई केंद्र के निर्माण की विधिवत शुरुआत की और इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।

समारोह में पूर्व प्रधान गोपाल गुर्जर, पूर्व पालिका अध्यक्ष कन्हैयालाल धाकड़, भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी सहित भाजपा के अनेक मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने आयोजन को राजनीतिक दृष्टि से भी खास बना दिया। वहीं नगर पालिका चेयरमेन रघुनंदन सोनी की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। अपने संबोधन में विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से अपने निवास पर बनाए गए केंद्र में नियमित रूप से जनसुनवाई कर रहे हैं। इस दौरान सैकड़ों लोगों की समस्याएं सुनी गई और कई मामलों में त्वरित समाधान भी कराया गया। अब पंचायत समिति परिसर में स्थायी विधायक जनसुनवाई केंद्र के निर्माण से आम नागरिकों को एक सुलभ और भरोसेमंद मंच मिलेगा, जहां उनकी शिकायतों का संबंधित विभागों से समन्वय कर शीघ्र निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र जनता और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करेगा।

इसके बाद विधायक का स्वर आत्ममंथन भरा नजर आया। उन्होंने दो वर्षों में किए गए विकास कार्यों और सरकार से लाई गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जितनी तेजी से शाहपुरा के लिए काम हुए, उतनी तेजी से उनका प्रचार-प्रसार जनता तक नहीं हो पाया। मंच से उन्होंने कहा, 'माफ करना, यह हमारी कमी रही है। हम बैठकों और चर्चाओं में व्यस्त रहे, लेकिन योजनाओं और कार्यों को जनता तक ठीक से नहीं पहुंचा पाए। 'पंचायत चुनाव नजदीक होने का जिक्र करते हुए विधायक ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अब संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। अगर सौगातें घर-घर नहीं पहुंचेंगी, तो जनता को कैसे पता चलेगा कि हमने दो साल में क्या किया, कहते हुए उन्होंने प्रचार और जनसंपर्क को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।विधायक ने यह भी कहा कि आने वाले समय में शाहपुरा को एक विकसित, सुव्यवस्थित और आदर्श विधानसभा क्षेत्र के रूप में पहचान दिलाना उनका संकल्प है। इसके लिए सरकार की योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे केवल बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि गांव-ढाणियों और वार्डों में जाकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। समारोह के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया कि विकास कार्यों की सफलता केवल बजट और योजनाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी जनसंपर्क और संवाद से तय होती है। विधायक जनसुनवाई केंद्र का शिलान्यास जहां प्रशासनिक सुविधा की दिशा में एक अहम कदम है, वहीं मंच से दिया गया यह राजनीतिक संदेश आने वाले पंचायत चुनावों से पहले संगठन के लिए दिशा-सूचक भी माना जा रहा है।

# यातायात नियमों की अनदेखी बन सकती है जानलेवा: तिवारी

## गुलमंडी बालिका विद्यालय में सड़क सुरक्षा माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं को दिलाई शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।






सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राजस्थान पत्रकार परिषद की ओर से सड़क सुरक्षा माह के तहत गुलमंडी बालिका विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित ड्राइविंग को जीवन रक्षा से जोड़ा गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर अनिल तिवारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा ही हमारे जीवन की रक्षा है और इससे ही हम सुरक्षित रह सकते हैं। उन्होंने बताया कि सड़क पर लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है, इसलिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना उतना ही जरूरी है जितना जीवन बचाना। उन्होंने वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने की सलाह दी और कहा कि हेलमेट न केवल दुर्घटना से बचाव करता है, बल्कि सर्दी, गर्मी और बारिश में भी सिर की सुरक्षा करता है।

तिवारी ने कहा कि गति सीमा का हमेशा ध्यान रखें और निर्धारित सीमा के भीतर ही वाहन चलाएं। जल्दबाजी और नशे में वाहन चलाना न केवल खतरनाक है बल्कि कानूनन दंडनीय भी है। उन्होंने ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के इस्तेमाल से बचने की अपील करते हुए कहा कि इससे ध्यान भटकता है और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

यातायात विभाग के घेवरचंद ने छात्राओं को ट्रैफिक सिग्नलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लाल बत्ती पर रुकना और हरी बत्ती पर चलना जरूरी है। साथ ही ट्रैफिक सिग्नल पर आगे-पीछे चल रहे वाहनों से उचित दूरी बनाए रखना चाहिए। लेन बदलते समय इंडिकेटर का उपयोग करना और सड़क पर आंखें व दिमाग केंद्रित रखना सुरक्षित ड्राइविंग का अहम हिस्सा है।

राजस्थान पत्रकार परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश जीनगर ने कहा कि चाहे हाईवे हो या शहर की सड़कें, आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड को पहले रास्ता देना हमारी जिम्मेदारी और मानवता का परिचय है। उन्होंने सभी से सतर्क और सावधान रहकर वाहन चलाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को यातायात नियमों की पालना की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन रानी बत्रा ने किया। इस अवसर पर शाला प्रधान सुनीता जीनगर, यातायात विभाग के रामपाल साल्वी, भीमगंज थाने के कृष्णपाल सहित परिषद के राजकुमार गोयल, बालगोविंद व्यास एवं सुनीता शर्मा उपस्थित रहे।

# बिजोलिया सहित ग्रामीण अंचल में कोहरे का कहर, NH-27 पर बढ़ी मुश्किलें



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

(नरेश धाकड़) घने कोहरे और सर्द हवाओं के बीच आठवें दिन शनिवार को जैसे ही सूरज की पहली किरण दिखाई दी, ग्रामीण अंचल में कुछ राहत और खुशी का माहौल नजर आया। लगातार आठ दिनों से आसमान को कोहरे ने अपनी गिरफ्त में ले रखा है बिजोलिया कस्बे सहित आसपास के गांव-बन्नी का बालाजी, गायत्री नगर, गणेशपुरा, देवगढ़ और सदाराम जी का खेड़ा में कोहरे का खासा असर देखने को मिल रहा है। वहीं ह॥-27 पर भी घने कोहरे के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दृश्यता कम होने से वाहनों को लाइट जलाकर चलाना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अलाव तापते नजर आए। पशुपालकों द्वारा भी अपने पशुओं को सर्दी से बचाने के लिए अलग-अलग स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं। इस भीषण सर्दी और कोहरे के कारण यातायात के साथ-साथ आम जनजीवन और दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है।

# खनिज क्षेत्र होते हुए भी जर्जर सड़कें, प्रशासन बेपरवाह

## लक्ष्मी निवास, जोलास, माजी साहब का खेड़ा और गोपालपुरा मार्ग पूरी तरह जर्जर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

(नरेश धाकड़): उपखंड क्षेत्र में सड़कें बदहाली का दंश झेल रही हैं। मालीपुरा चौराहे से छोटी बिजोलिया तक जाने वाला मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं लक्ष्मी निवास, जोलास, माजी साहब का खेड़ा और गोपालपुरा को जोड़ने वाले मार्ग भी जर्जर हालत में हैं। सड़कों की खराब स्थिति के चलते क्षेत्रवासियों और वाहन चालकों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बिजोलिया प्रदेश का प्रमुख खनिज



क्षेत्र है, जहां से सरकार को भारी मात्रा में राजस्व प्राप्त होता है। इसके बावजूद यहां की सड़कों की स्थिति वर्षों से जस की तस बनी हुई है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी सड़कें और टूटी सतह हादसों को न्योता दे रही हैं।

ग्रामीणों और वाहन चालकों ने बताया कि खराब सड़कों के कारण आवागमन में अत्यधिक समय लग रहा है, वहीं दुपहिया और चारपहिया वाहनों को नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और वाहन चालकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा प्राप्त हो।

# 16 साल बाद विद्यालय भूमि से अतिक्रमण हटाया, दो कमरों में चल रही थीं आठ कक्षाएं

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

क्षेत्र के बालापुरा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की भूमि पर वर्षों से चला आ रहा अतिक्रमण शनिवार को प्रशासनिक कार्रवाई के बाद हटाया गया। विद्यालय की निर्धारित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर उसे भैंसों का बाड़ा बनाए जाने से विद्यालय के विस्तार और नए भवन निर्माण में लगातार बाधा आ रही थी।

विद्यालय में मात्र दो कमरों में कक्षा 1 से 8 तक की आठ कक्षाएं संचालित हो रही थीं। बरसात के मौसम में छत टपकने से विद्यार्थियों को बैठने में भी कठिनाई होती थी। विद्यालय में 90 से अधिक विद्यार्थियों का नामांकन है, लेकिन भूमि पर कब्जे के कारण वर्षों से न तो अतिरिक्त कक्ष बन पाए और न ही खेल मैदान



विकसित हो सका।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय आज़ादी के बाद से ही दो कमरों में संचालित है। वर्ष 2009 में इसे उच्च प्राथमिक विद्यालय में क्रमोन्नत किया गया, परंतु अतिक्रमण हटे बिना भवन विस्तार संभव नहीं हो पाया। ग्राम



पंचायत द्वारा विद्यालय के लिए कुल 8000 वर्ग फीट भूमि आवंटित की गई थी, लेकिन केवल 2000 वर्ग फीट पर ही भवन निर्माण हो सका। शेष 6000 वर्ग फीट पर कब्जा कर कच्चा मकान बनाकर पशुओं का भूषा भरा जा रहा था। विद्यालय परिसर में चारदीवारी तक नहीं थी। कई बार विद्यालय प्रबंधन और ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से अतिक्रमण हटाने की मांग की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। हाल में जिले के अन्य विद्यालयों से अतिक्रमण हटाए जाने के बावजूद बालापुरा विद्यालय की अनदेखी होती रही। जमीन उपलब्ध होने के बावजूद जिम्मेदार बजट और भूमि की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ते रहे। शनिवार को तहसीलदार जहाजपुर के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम गांव पहुंची और विद्यालय भूमि से अतिक्रमण हटवाया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार, पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, पुलिस बल, पीईईओ सहित ग्रामीण मौजूद रहे। कब्जा हटाने के बाद भूमि का सीमांकन कर उसे विद्यालय प्रबंधन के सुपुर्द किया गया।

# नाममात्र राशि में भोजन उपलब्ध कराना केवल सेवा नहीं, बल्कि स्वाभिमान की मिसाल हैः अभिनेत्री मंदाकिनी

## भीलवाड़ा प्रवास के दौरान अभिनेत्री मंदाकिनी ने स्वाभिमान भोज में किया सेवा कार्य

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री मंदाकिनी ने भीलवाड़ा प्रवास के दौरान गजाधर मानसिंह धर्मशाला में संचालित स्वाभिमान भोज रसोई का अवलोकन किया, जहाँ मात्र 1 में भरपेट एवं सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस अनूठी सामाजिक पहल को देखकर अभिनेत्री मंदाकिनी भावविभोर हो गईं। इस अवसर पर अभिनेत्री मंदाकिनी ने जरूरतमंद लोगों को टोकन बांटे और स्वयं काउंटर पर थाली परोसने का सामाजिक सेवा का कार्य में योगदान दिया अपने दौरे के दौरान उन्होंने कहा कि आज के समय में 1 जैसी नाममात्र राशि में भोजन उपलब्ध



कराना केवल सेवा नहीं, बल्कि स्वाभिमान की मिसाल है। देश में इतनी कम राशि में इस स्तर की सुविधा कहीं देखने को नहीं मिलती। ऐसा पुनीत और प्रेरणादायक कार्य केवल भीलवाड़ा के भामाशाह ही कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने इस सेवा में महत्वपूर्ण सहयोग देने वाले उद्योगपति एवं समाजसेवी रिजु झुनझुनवाला के योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर जवाहर फाउंडेशन के प्रभारी एवं एलएनजे ग्रुप के ओएसडी रजनीश वर्मा ने अभिनेत्री का स्वागत एवं सम्मान किया तथा जवाहर फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। अभिनेत्री मंदाकिनी के आगमन पर गजाधर मानसिंहका धर्मशाला के संचालक ट्रस्टी जगदीश मानसिंहका ने अपने साथियों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में आरएसडब्ल्यूएम के सीएसआर मैनेजर वैभव जोशी, विशिष्ट अतिथि टीयूवी राईनलैंड के लोकेंद्र पंड्या, लायंस क्लब टेक्सटाइल सिटी भीलवाड़ा के सहयोगी प्रकाश जोशी एवं राकेश मानसिंहका, मोहम्मद हारून रंगरेज, मधु लोढ़ा, पूर्वांचल समिति की सदस्य शिल्पी सिंह, रामवती, राज ऋषि सुनील झा, सत्यम झा, दीपिका मेहरा, रसोई संचालिका रजिया बानो तथा वॉलीबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानमल खटीक सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### जीतो लेडिज विंग का 'घर से उड़ान' कार्यक्रम आयोजित

**महिला उद्यमियों ने स्टॉल्स के माध्यम से दिखाई प्रतिभा**

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जीतो भीलवाड़ा चेप्टर की लेडिज विंग द्वारा नारी आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'घर से उड़ान' कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को चौधरी/डांगी जीतो हाउस परिसर में किया गया। यह आयोजन लेडिज प्रोजेक्ट के वर्टिकल्स उड़ान बी2बी (नाश्ता गली) के अंतर्गत हुआ। लेडिज विंग चेयरपर्सन नीता बाबेल ने सभी महिला उद्यमियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य बताए। मुख्य सचिव अर्चना पाटोदी ने उद्यमिता, नवाचार व व्यवसाय उन्नयन से जुड़े अनुभव साझा किए। प्रतिभागियों को न्यूनतम निवेश, व्यवसाय योजना, मूल्य निर्धारण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग, मार्केटिंग, डिजिटल टूल्स व सोशल मीडिया उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों ने स्टॉल्स के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया, जिनमें प्रिया डूंगरवाल (बैलेंस्ड बाइट्स), पूनम जैन (श्री नाकोड़ा एजेंसी किट, खाखरे), भाव्या कांकरिया (कनिंग-केक्स व कुकीज़), पायल (मेहंदी आर्ट), हस्तनिर्मित राखी व आर्ट क्राफ्ट, होम डेकोरेशन, गिर नेचुरल, मोनिका मारू (मेड़तिया स्वीट फूड आइटम), डॉली जैन (अर्री क्रिएशन), सिद्धि बाबेल (सिद्धि क्रिएशन) शामिल रहीं। इवेंट कन्वीनर सुमन लोढ़ा, को-कन्वीनर लाड मेहता, अनुराधा चौधरी, सुमन दुगड़, अमिता बाबेल, सपना तातेड़, रजनी सिंघवी, वनिता बाबेल, मनीषा खजांची, रश्मि लोढ़ा, मनीषा मेहता, मोनिका रांका, वाइब्स क्लब अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, पलक जैन, प्रिया जैन, प्रीति सुराणा, अनीता जैन, पूनम जैन, साक्षी जैन, पिंकी हिरणिया, किरण सेठी, शिल्पा गुरनानी, वनिता भाणावत, सिद्धि बाबेल, सुरुचि कोठारी, प्रियंका चौधरी, ज्योति आर्य, दीपा गुप्ता, भाव्या कांकरिया, सुमिता कांकरिया, ममता मारू, रिया लोढ़ा, निकिता चौधरी, ध्रुव गोखरू, चरत गोखरू सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

### अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने मनाया मकर संक्रांति पर्व

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन द्वारा अध्यक्ष मधु लढा की अध्यक्षता में मकर संक्रांति पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस के तहत सदस्याओ द्वारा सर्दियों से बचाव के लिए कच्ची बस्ती में जाकर जरूरतमंद लोगों को राहत सामग्री वितरित की गई। सचिव अनुपमा मंत्री ने बताया जरूरतमंद बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों को सर्दी से बचाव के लिए शॉल स्वेटर कंबल आदि वितरण किए गए एवं ''मकर संक्रांति पर्व'' के उपलक्ष में तिल के लड्डू, फल एवं मिठाई आदि का भी वितरण किया गया, इसमें विशेष सहयोग निर्मला बाहेती का रहा। इस दौरान कोषाध्यक्ष उषा सोनी, मंजू बलदवा, रेनू कोगटा, उषा सोमानी, स्नेहलता पटवारी, जतन हिंगड़, पुष्पा मूंदड़ा अनीता नौलखा, चंदा जागेटिया, सुनीता जागेटिया, मधु हिंगड़, अदिति लढा, सरोज समदानी, मंजू दरक आदि सदस्याओ का सहयोग रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।